संख्या :2330 / V / 2006–203(सा.) / 2005–टी.सी.

प्रेषक,

अमरेन्द्र सिन्हा,
सचिव,
उत्तरांचल शासन।

सेवा में,

निदेशक,
शहरी विकास विभाग,
उत्तरांचल, देहरादून।

शहरी विकास अनुभाग देहरादून : दिनांक : 9 नवम्बर, 2006

विषय नगर पंचायत, महुवाखेड़ागंज (ऊधमसिंह नगर) हेतु अवस्थापना विकास निधि से वित्तीय वर्ष 2005–06 में सी.सी.सड़कों हेतु स्वीकृत कार्यों को टाइल सड़कों में परिवर्तित करने के फलस्वरूप संशोधित आगणन पर वित्तीय वर्ष 2006–07 में **प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या 652 / V–श.वि.–06–203(सा.) / 2005टी.सी. दिनांक 21.3.2006 की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त शासनादेश द्वारा स्वीकृत सी.सी. सड़कों को टाइल सड़कों में परिवर्तित किए जाने हेतु, नगर पंचायत, महुवाखेड़ागंज (ऊधमसिंह नगर) द्वारा प्रस्तुत संशोधित आगणन रू. 99.74लाख के तकनीकी परीक्षणोपरान्त, संलग्न सूची में अंकित विवरणानुसार रू. 99.53लाख की लागत की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति तथा उक्त शासनादेश द्वारा सी.सी. सड़कों हेतु पूर्व में स्वीकृत रू. 65.23लाख की धनराशि को समायोजित करते हुए स्वीकृति हेतु अवशेष (रू. 99.53लाख–रू. 65.23लाख) रू. 34.30लाख (रू. चौंतीस लाख तीस हजार मात्र) की धनराशि को व्यय हेतु आपके निवर्तन पर निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन रखे जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं : –

1. उक्त धनराशि आपके द्वारा आहरित कर संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को बैंक ड्राफ्ट अथवा चैक के माध्यम से उपलब्ध करायी जायेगी।
2. अवस्थापना विकास मद से स्वीकृत की जा रही धनराशि को स्थानीय निकायों के द्वारा अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी का संयुक्त रूप से एक पृथक खाता किसी राष्ट्रीयकृत बैंक मे खोल कर जमा किया जायेगा। किसी भी दशा में उक्त धनराशि का उपयोग अन्य मदो मे न किया जाय। इसके लिए संबंधित अधिशासी अधिकारी व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे।
3. उक्त धनराशि का उपयोग उन्हीं योजनाओं एवं मदों के लिए किया जायेगा, जिन योजनाओं एवं मदों के लिए धनराशि स्वीकृत की गयी है। किसी भी दशा में धनराशि का व्यावर्तन किसी अन्य योजना / मद में नही किया जायेगा।
4. टाइल सड़कों के निर्माण हेतु शासनादेश संख्या 3173 / V-श.वि. / 2006 दिनांक 30.8.2006, जो वित्त विभाग की सहमति से जारी किया गया है, का अनुपालन बाध्यकारी होगा।
5. स्वीकृत धनराशि के व्यय अथवा निर्माण करने से पूर्व सभी योजनाओ / कार्यों पर संबंधित मानचित्र एवं विस्तृत आगणन गठित कर तकनीकी दृष्टिकोण से समस्त औपचारिकतायें पूर्ण करते हुए एवं विशिष्टियों का अनुपालन करते हुए प्राविधिक स्वीकृति प्राप्त किया जाना आवश्यक होगा। बिना प्राविधिक स्वीकृति के किसी भी दशा में कार्य को प्रारम्भ न किया जाए।
6. कार्य पर उतना ही व्यय किया जाए, जितना कि स्वीकृत नार्म है। स्वीकृत नार्म से अधिक व्यय कदापि न किया जाए।
7. कार्य कराने से पूर्व समस्त औपचारिकताएं तकनीकी दृष्टि को मध्यनजर रखते हुए एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रचलित दरों / विशिष्टियों को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य को सम्पादित कराना सुनिश्चित करें।
8. निर्माण एजेन्सी के चयन में शासनादेश संख्या 452 / XXVII(1) / 2005 दिनांक 05 अप्रैल

(सावित्री ढकरियाल)
अनुसचिव
शहरी विकास विभाग
उत्तरांचल शासन

9. संबंधित कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य निर्धारित अवधि के अन्तर्गत पूर्ण किया जाना आवश्यक होगा और किसी भी दशा में पुनरीक्षित आगणनों पर स्वीकृति प्रदान नहीं की जायेगी। कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्धता हेतु संबंधित निर्माण ऐजेन्सी के अधिशासी अभियंता/अधिशासी अधिकारी पूर्णरूपेण उत्तरदायी होंगे।
10. स्वीकृत कार्य कराते समय वित्तीय हस्तपुस्तिका, बजट मैनुअल, स्टोर परचेज रूल्स एवं मितव्ययिता के संबंध में शासन द्वारा समय-समय पर निर्गत किये गये शासनादेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये। एकमुश्त प्राविधान के विस्तृत आगणन गठित कर लिये जाये और इन पर यदि किसी तकनीकी अधिकारी के कार्य कराने से पूर्व का अनुमोदन प्राप्त करना नियमानुसार आवश्यक हो तो कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व उक्त अनुमोदन अवश्य प्राप्त कर लिया जाये।
11. यदि उक्त कार्य अन्य विभागीय/नगर निकाय के बजट से स्वीकृत हो चुके हैं या कराये जा चुके हैं, तब संबंधित योजना/कार्य के लिए इस शासनादेश द्वारा अवमुक्त की जा रही धनराशि का कोषागार से आहरण न करके उसकी सूचना शासन को देकर आवश्यक धनराशि शासन को तत्काल समर्पित कर दी जायेगी।
12. कार्य करने के बाद कार्य स्थान पर योजना के पूर्ण विवरण के साथ अर्थात योजना की लागत, लम्बाई, कार्यदायी संस्था, ठेकेदार का नाम, प्रारम्भ करने का समय, पूर्ण करने का समय तथा वित्त पोषण के श्रोत के विवरण के साथ एक साइनबोर्ड उक्त योजना की लागत से ही लगा दिया जायेगा।
13. जी.पी.डब्ल्यू. फार्म-9 की शर्तों के अनुसार निर्माण इकाई को कार्य संपादित करना होगा तथा समय से कार्य पूर्ण न करने पर निर्माण इकाई से आगणन की कुल लागत का 10 प्रतिशत की दर से दण्ड वसूल किया जायेगा।
14. सभी निर्माण कार्य समय-समय पर गुणवत्ता एवं मानको के संबंध में निर्गत शासनादेशों के अनुरूप कराये जायेगें तथा यदि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों को पूर्ण नहीं करते है तो संबंधित संस्था को अग्रेत्तर धनराशि उक्त मानकों को पूर्ण करने पर निर्गत की जायेगी। निर्माण एजेंसी को एकमुश्त पूर्ण धनराशि अवमुक्त न करके दो अथवा तीन किश्तों में धनराशि अवमुक्त की जायेगी और अंतिम किश्त तब ही निर्गत की जाये, जब कार्य की गुणवत्ता ठीक हो, शासनादेश के मानकों के अनुरूप हो।
15. आगणन में उल्लिखित दरों का विश्लेषण संबंधित विभाग के अधिशासी अभियन्ता द्वारा स्वीकृत/अनुमोदित दरों तथा जो दरें शिड्यूल ऑफ रेट में स्वीकृत नहीं है अथवा बाजार भाव से ली गई हों, की स्वीकृति नियमानुसार अधीक्षण अभियन्ता का अनुमोदन आवश्यक होगा। तदोपरान्त ही आगणन की स्वीकृति मान्य होगी।
16. उक्त स्वीकृत की जा रही धनराशि की प्रतिपूर्ति का प्रस्ताव अविलम्ब शासन को प्रेषित किया जायेगा।
17. विस्तृत आगणन में ली जाने वाली दरों का अनुमोदन निकटतम लो.नि.वि. के अधिशासी अभियन्ता से आवश्यक होगा एवं कार्य कराने से पूर्व समस्त कार्यों का स्थल निरीक्षण उच्च अधिकारियों एवं भूगर्भवेत्ता के साथ अवश्य करा लिया जाए एवं स्थल पर आवश्यकतानुसार ही कार्य किये जायेंगे।
18. निर्माण कार्य पर प्रयोग किये जाने वाली सामग्री का नमूना परीक्षण अवश्य करा लिया जाये तथा उपयुक्त पायी गयी सामग्री का ही प्रयोग निर्माण कार्य में किया जाये।
19. कार्य पूर्ण करने के बाद इसी वित्तीय वर्ष में उक्त कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति का विवरण दिनांक 31.3.2007 तक राज्य सरकार को तथा उपयोगिता प्रमाणपत्र भी शासन को उपलब्ध करा दिया जाये।
20. कार्यों की समयबद्धता एवं गुणवत्ता हेतु संबंधित अधिशासी अभियन्ता/अधिशासी अधिकारी पूर्णरूप से उत्तरदायी होंगे।
21. मुख्य सचिव महोदय, उत्तरांचल शासन के शासनोदश संख्या 2047/XIV-219/2006 दिनांक 30मई, 2006 के द्वारा निर्गत आदेशों के क्रम में कार्य कराते समय अथवा

अनुसचिव
शहरी विकास विभाग
उत्तरांचल शासन

नगर पंचायत महुआखेड़ा गंज (ऊधमसिंह नगर)–
शासनादेश संख्या : 2330/V–2006–203(सा0)/05 टी0सी0, दिनांक– 01 अक्टूबर, 2006 का संलग्नक

(धनराशि लाख रू0 में)

क0सं0	कार्य का नाम	सी0सी0सड़कों हेतु स्वीकृत एवं अवमुक्त धनराशि (वर्ष 2005–06)	टाईल सड़कों के लिए टी.ए.सी. की से अनुमोदित आगणन	अंतर की धनराशि स्वीकृति
01	असगर अली की दुकान से मौ0 हनीफ के मकान तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सड़क एवं नाली निर्माण, वार्ड नं0–5,6	9.80	14.93	5.13
02	पी0डब्ल्यु0डी0 रोड से कैनाल गिजरौली पार्क अहरपुरा में इन्टरलाकिंग टाईल्स सड़क एवं नाली निर्माण	0.94	2.80	1.86
03	मेन चौराहा से कैनाल तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सड़क एवं नाली निर्माण, वार्ड नं0–3	11.03	16.50	5.47
04	पी0डब्ल्यु0डी0 रोड से शिव मन्दिर तक तथा लिंक से प्राईमरी स्कूल साहपुरा इन्टरलाकिंग टाईल्स सड़क एवं नाली निर्माण, वार्ड नं0–2	7.09	9.90	2.81
05	हरकेश के मकान से गजराम सिंह के मकान तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सड़क एवं नाली निर्माण	4.82	9.55	4.73
06	डा0 उस्मान की दुकान से कृपाल सिंह के मकान तक इन्टरलाकिंग टाईल्स सड़क एवं नाली निर्माण, वार्ड नं0–2	3.27	7.80	4.53
07	इन्टरलाकिंग टाईल्स सड़क एवं नाली निर्माण, वार्ड नं0–5,6	10.83	15.00	4.17
08	मुस्तफा मियाँ के मकान से सफी अहमद मौ0 गंज इन्टरलाकिंग टाईल्स सड़क एवं नाली निर्माण, वार्ड नं0–1	10.55	15.95	5.40
09	मौ0 गंज, आदर्शनगर में इन्टरलाकिंग टाईल्स सड़क एवं नाली निर्माण, वार्ड नं0–1,3	6.90	7.10	0.20
	कुल योग–	65.23	99.53	34.30

(रूपये चौंतीस लाख तीस हजार मात्र)

(भाग्यवती ढकरियाल)
अनुसचिव
शहरी विकास विभाग
उत्तरांचल शासन

3– उक्त के संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2006–07 के आय–व्ययक के अनुदान संख्या 13 के आयोजनागत पक्ष के लेखाशीर्षक "2217–शहरी विकास–03– छोटे तथा मध्यम श्रेणी के नगरों का समेकित विकास–आयोजनागत–191–स्थानीय निकायों, निगमों, शहरी विकास प्राधिकरणों, नगर सुधार बोर्डो को सहायता–03–नगरों का समेकित विकास–05– नगरीय अवस्थापना सुविधाओं का विकास" के मानक मद '20 सहायक अनुदान/अंशदान/ राज सहायता' के नामे डाला जायेगा।

4– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या 969/XXVII(2)/2006 दिनांक 19अक्टूबर, 2006 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।
संलग्न : यथोपरि।

भवदीय,

(अमरेन्द्र सिन्हा)
सचिव।

संख्या 2330(1)/V/2006 तद्दिनांक। 9/11/06

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी प्रथम) उत्तरांचल, देहरादून।
2. निजी सचिव, मा. नगर विकास मंत्री जी।
3. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तरांचल शासन।
4. आयुक्त, कुमाऊं मण्डल, नैनीताल।
5. जिलाधिकारी, ऊधमसिंह नगर।
6. वरिष्ठ कोषाधिकारी, देहरादून।
7. वित्त अनुभाग–2/वित्त नियोजन प्रकोष्ठ, बजट अनुभाग, उत्तरांचल शासन।
8. निदेशक, एन.आई.सी., सचिवालय परिसर, देहरादून, को इस अनुरोध के साथ कि नगर विकास के जी.ओ. में इसे शामिल करने का कष्ट करें।
9. अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत, महुवाखेड़ागंज (ऊधमसिंह नगर)।
10. बजट, राजकोषीय नियोजन एवं संसाधन निदेशालय, सचिवालय परिसर, देहरादून।
11. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(एन. के. जोशी)
अपर सचिव।

(नारायणी उनियाल)
अनुसचिव
शहरी विकास विभाग
उत्तरांचल शासन